साप्ताहिक इंदौर फर्स्ट संघर्ष से सिद्धि
Jtv भारत इलेक्ट्रानिक एंड प्रिंट मीडिया नेटवर्क ग्रुप उज्जैन
7974826006, 8643056464 9575154444

TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक- 182 | उज्जैन, शनिवार 06 सितम्बर 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6

## अध्यापकों को सीएम योगी का तोहफा

# शिक्षक दिवस पर बोले- मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा...शिक्षामित्र भी होंगे शामिल

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम लोकभवन में शाम 4.00 बजे से शुरू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिषदीय विद्यालयों के 66 व माध्यमिक शिक्षा विभाग के 15 शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व मॉनिटरिंग के लिए टैबलेट, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना के लिए प्रधानाचार्यों को टैबलेट व प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि बेसिक शिक्षा ने बाल वाटिका का एक नया रूप लाया है। इस सत्र में पांच हजार से अधिक बाल वाटिकाएं शुरू हो चुकी हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चों को मुख्यमंत्री पोषण से जोड़ने जा रहे हैं। बच्चा स्वस्थ होगा तो देश का भविष्य भी सुधरेगा। देश के अंदर सबसे ज्यादा प्रगति यूपी की बेसिक शिक्षा ने किया है। ये अलग-अलग संस्थाओं के सर्वे में साबित हो चुका है। 60 लाख से अधिक बच्चे यूपी के परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं।



**पुस्तकों में पात्रों के चयन का रखें ध्यान** सीएम ने कहा कि एससीईआरटी से कहना चाहूंगा कि पुस्तकों में पात्रों का चयन जब भी करें, तो ध्यान रखें कि वह पात्र भारतीय हों। हमारे यहां रामायण और महाभारत से अच्छे पात्र कहीं नहीं मिलेंगे। जब हमारे घरों में दादी-नानी कहानी सुनाती हैं तो देश के महापुरुषों और नायकों की कहानियां सुनाती हैं। ताकि बच्चे उनके जैसा बनने के बारे में सोचें। बच्चों को खेल खेल में सिखाइए। किताबें पतली रखें, बहुत मोटी न हों, उसे देखकर बच्चे भागें नहीं, बल्कि पढ़ने के लिए रुचि पैदा हो।

**नौ लाख शिक्षकों और उनके परिवार को सीएम का तोहफा** शिक्षक दिवस पर सीएम योगी ने अध्यापकों को बड़ा तोहफा दिया। सीएम ने शिक्षकों के लिए कैशलेश उपचार की सुविधा देने की घोषणा की। इससे बेसिक, माध्यमिक के राजकीय, एडेड, सेल्फ फाइनेंस के सभी शिक्षकों को लाभ मिलेगा। इससे करीब नौ लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसमें शिक्षामित्रों, अनुदेशक, रसोइया को भी जोड़ा जाएगा। यानी इन सभी को भी चिकित्सा का लाभ मिलेगा। शिक्षामित्र, अनुदेशक का मानदेय भी जल्द बढ़ेगा। इसके लिए कमेटी बन गई है। सीएम ने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट आने वाली है। उसके आधार पर सकारात्मक निर्णय लेंगे। इस मौके पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन काफी प्रेरणादायी है। आज हम लोग डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मना रहे हैं। उनके योगदान को याद कर रहे हैं। शिक्षकों को सिर्फ सम्मानित ही नहीं, उनकी निष्ठा और योगदान को प्रणाम करने के लिए यह कार्यक्रम है। राधाकृष्णन राष्ट्र के शिल्पकार भी हैं। उस दीपक की तरह जो खुद को जलाकर दूसरे का रास्ता प्रशस्त करता है।

**आठ साल में बेसिक शिक्षा विभाग की छवि बदली** उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई गुल्लक किताब बच्चों की कल्पनाशक्ति को नया आयाम देगी। बाल वाटिका हस्त पुस्तिका का भी विमोचन होगा। गुरु हमारे व्यक्तित्व को भी आकार देने का काम करते हैं। विभाग को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। शिक्षा की नई अलख जगाई है। पिछले आठ साल में बेसिक शिक्षा विभाग की छवि बदली है। सरकार प्रदेश में हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बिना भेदभाव के दे रही है।

**बेसिक में भी लागू होंगी NCERT की किताबें** मंत्री ने आगे कहा कि स्कूलों में डिजिटल शिक्षा, हृश्वक्के तहत नए प्रयोग, लर्निंग बाई डूइंग का प्रयोग कर रहे हैं। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी बेसिक सुविधा दे रहे हैं। बच्चे स्मार्ट क्लास, टैबलेट से पढ़ाई कर रहे हैं। बैठने के लिए अच्छे फर्नीचर उपलब्ध हैं। हृष्टश्वक्रञ्ज की किताबों को बेसिक में भी लागू करने जा रहे हैं। कक्षा चार तक अगले साल लागू करेंगे। इसे आठ तक ले जाएंगे। केजीबीवी 13वीं तक अपग्रेड हो रहे हैं। हर जिले में दो-दो सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनेंगे।

**1104 करोड़ से 2107 स्कूलों का हुआ कायाकल्प** इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि विभाग के 15 शिक्षक सम्मानित किए जा रहे हैं। कई सुधार हो रहे हैं। शिक्षकों की तैनाती ऑनलाइन की जा रही है। शिक्षकों के चयन के लिए आयोग से काम हो रहा है। प्रोजेक्ट अलंकार से स्कूलों का कायाकल्प 1104 करोड़ से 2107 स्कूल लाभान्वित हुए हैं। एडेड विद्यालयों के लिए 134 करोड़ जारी किए गए हैं। इससे 368 विद्यालय लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए नीति आयोग ने भी इसे सराहा है। अन्य राज्यों को इसे लागू करने को कहा गया है। व्यावसायिक शिक्षा को भी लागू कर रहे हैं। संस्कृत विद्यालयों का भी विकास हो रहा है। इसमें जनप्रतिनिधि का भी सहयोग ले सकते हैं। आईसीटी लैब की स्थापना हो रही है। प्रधानाचार्य को टैबलेट दिया जा रहा है। 2017 से नकल पर नकेल लगी है। नकल माफिया पराजित हो गए हैं। कोई पकड़ा गया तो एक करोड़ का जुर्माना, आजीवन कारावास होगा। मार्कशीट इतनी मजबूत बनाई जा रही है कि इसे कोई फाड़ भी नहीं सकता है।

**शिक्षक विद्वान... तो गुरु हमें महान बनाता है - गुलाब देवी** मंत्री ने आगे कहा कि आज हम शिक्षक दिवस मना रहे हैं। शिक्षक विद्वान बनाता है। गुरु हमें महान बनाता है। वर्तमान परिवेश में कपटी, कायर, क्रूर की संख्या बढ़ रही है। यह समाज हित में नहीं है। सत्ता को भी शिक्षक की आवश्यकता है। सत्ता और समाज दोनों में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे शिष्य तैयार करें जो समाज के लिए काम करें।

## पठानकोट में पहाड़ दरके, लुधियाना में सेना ने संभाला मोर्चा



## बाढ़ से अब तक 43 की मौत

पंजाब में बाढ़ महाविनाश का कारण बन रही है। पानी की वजह से अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है। 23 जिलों के 1902 से अधिक गांव पानी की चपेट में हैं, जिससे 3.84 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। गांवों में बाढ़ग्रस्त लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रभावित गांवों में एक-एक गजटेड अफसर नियुक्त करने के आदेश दिए हैं। प्रभावित लोग इन अधिकारियों के साथ अपनी समस्याएं साझा कर सकेंगे।

**भाखड़ा डैम का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र एक फीट नीचे** हिमाचल के ऊपरी क्षेत्रों में हो रही जोरदार बारिश व बादल फटने की घटनाओं के चलते भाखड़ा डैम के जल स्तर में तेजी से होती वृद्धि को देखते हुए बीबीएमबी मैनेजमेंट से चारों फ्लड गेट 9-9 फीट तक खोल दिए। मिली जानकारी के अनुसार एक लाख से भी अधिक पानी की आमद के साथ भाखड़ा डैम का जलस्तर 1679 फीट पर पहुंच गया था। इस दौरान ट्रबाइनों व फ्लड गेटों के माध्यम से कुल 85 हजार क्यूसेक पानी की निकासी कर सतलुज दरिया के किनारे बसे निचले ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत मचा दी हालांकि डीसी रूपनगर वर्जित वालिया और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सुबह ही लोगों से अपने अपने घर छोड़ सुरक्षित स्थानों की ओर चले जाने को कह दिया था। भाखड़ा डैम से छोड़े गए 85 हजार क्यूसेक पानी में से नंगल डैम से निकलने वाली नंगल हाइडल व श्री आनंदपुर साहिब हाइडल नहर में 9-9 हजार जबकि सतलुज दरिया में 67 हजार क्यूसेक पानी जा रहा है जिससे हर्षा बेला, पत्ती दुचली, पत्ती टेक सिंह,सैंसोंवाल,एलगरां, बेला ध्यानी, बेला ध्यानी लोअर, बेला राम गढ़, शिव सिंह बेला, प्लासी, सिंघपुरा, जोहल, तर्फ मजारी, भलाण, कलित्रा, दड़ोली लोअर व दबखेड़ा में खतरा बढ़ गया है।

**लुधियाना में कमजोर पड़ा बांध** पानी ने लुधियाना में भी असर दिखाना शुरू कर दिया। पहले शनिगांव डूबने के बाद अब सतलुज दरिया के किनारे बसे ससराली कॉलोनी इलाके में बांध कमजोर हो गया है। बांध कमजोर होने का पता चलते ही कैबीनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां और डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी सरकार को दी और सेना को बुलाना पड़ा। शुक्रवार की सुबह से पानी आने से पूरे गांव और आसपास के एरिया को खाली करवा दिया गया है। बांध कमजोर होने की सूचना मिलते ही सेना ने ससराली कॉलोनी इलाके में मोर्चा संभाल लिया है। उनके साथ एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। जो बांध को पक्का करने का काम जारी कर दिया है। इसके साथ साथ प्रशासन किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहता। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की तैयारी कर ली है और लोगों को किसी ऊंचे स्थान पर जाने को कह दिया है ताकि कोई अनहोनी न हो। इसी तरह धुरसी बांध का भी डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने दौरा किया। फिलहाल लुधियाना में अभी किसी बड़े

# चित्तौड़गढ़ विधायक आक्या के जन्म दिवस पर आयोजित हुए कई कार्यक्रम

## विधानसभा वासियो के स्नेह व सहयोग से मिलती है बेहतर कार्य करने की प्रेरणा- विधायक आक्या

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या का जन्म दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जन्मदिवस के अवसर पर विधायक आक्या ने प्रात: मधुवन स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर व सेंती स्थित चमत्कारी सांवरियाजी मंदिर में दर्शन किये। गायत्री मंदिर में हवन, दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर में पूजा व हवन करने के बाद दुर्ग से उतरते हुए त्रिपोलिया हनुमानजी मंदिर में दर्शन कर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया व गांधीनगर स्थित गौशाला में गायो को चारा खिलाया। अम्बेडकर सर्किल पर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एससी मोर्चा कार्यकर्ताओ द्वारा पुष्प वर्षा कर विधायक आक्या का स्वागत किया गया। उसके बाद विधायक आक्या लम्बे काफिले में रोड शो करते हुए महाराणा प्रताप सेतु मार्ग स्थित भरत बाग पहुचे जहां बड़ी संख्या में समर्थको, कार्यकर्ताओ ने बेण्ड बाजो की धुन पर पुष्पवर्षा व आतिशबाजी करते हुए विधायक आक्या को अपने कंधो पर उठा लिया। भरत बाग में सर्वप्रथम विधायक आक्या ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग द्वारा आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग उपकरण शिविर का उदघाटन कर दिव्यांगो को 11 ट्राईसाईकिल, 11 व्हील चेयर, 21 श्रवण यंत्र आदि वितरीत किये। शिविर में गीतांजली हॉस्पिटल उदयपुर द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का विधायक आक्या द्वारा उदघाटन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ी करीब सात से आठ हजार लोगो ने शिविर का लाभ लिया। नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में डॉ. रोहिन सैनी, डॉ. अक्षय शर्मा, डॉ. संदीप मुंदड़ा, डॉ. तुषार त्यागी, डॉ. पार्थ, डॉ. जीगर पटेल, डॉ. पुजा, डॉ. कपिल, डॉ. दिपांशी अहारी, डॉ. रूपिंदर कौर, डॉ. कपिल व्यास, डॉ. आर्यन, डॉ. ममता मीणा, डॉ. भावना की टीम ने अपनी सेवाएं दी। गीतांजली हॉस्पिटल के संयोजक आलोक शर्मा ने बताया की शिविर में कुल 3800 रजिस्ट्रेशन में से 292 नेत्र रोग, नाक, कान व गला रोग, महिला व प्रसुती रोग, चर्म रोग एवं शिशु व बाल रोग के मरीजो का गीतांजली हॉस्पिटल उदयपुर में भर्ती होने के बाद ऑपरेशन, ईलाज, दवाईयां व रहने खाने की व्यवस्था मय साथी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर स्थल पर आयुष विभाग का भी काउण्टर लगाया गया था। शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



विभाग चित्तौडगढ़ द्वारा नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई गई। भरत बाग में एक बड़े स्टेज पर दुर्ग स्थित कालिका माता मंदिर के महंत नारायण पुरी महाराज, बड़ी सादड़ी के गोपाल पुरषोत्तम आश्रम के संत सूदर्शनाचार्य महाराज, हजारेश्वर महादेव के महंत चंद्रभारती महाराज, यति महाराज, ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कविता दीदी, हर्षा दीदी, सुशीला देवी व विनायक भाई का विधायक आक्या द्वारा दण्डवत प्रणाम कर व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद दिन भर चले स्वागत समारोह में शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आए जनप्रतिनिधियों, समर्थको, कार्यकर्ताओ, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों, व्यापारी वर्ग, महिला संगठनो व मॉर्निंग क्लब के पदाधिकारीयो ने विधायक आक्या का उपरना ओढ़ाकर, साफा पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान स्टेज पर अनेक वक्ताओ द्वारा कविता व गीतो के माध्यम से विधायक आक्या के स्वागत में रोचक प्रस्तुतियो से मन मोह लिया। सहकारिता मंत्री गौतम दक, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, बेगुं विधायक सुरेश धाकड़, नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, पूर्व विधायक निम्बाहेडा अशोक नवलखा, जिला प्रमुख गब्बरसिंह अहीर, भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी, निम्बाहेडा प्रधान बगदीराम धाकड़, पूर्व जिला प्रमुख भैरू सिंह चैहान, पूर्व प्रधान गंगरार देवी लाल जाट व प्रतापगढ़ के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जसपाल गुर्जर आदि ने समारोह स्थल पर पहुंचकर विधायक आक्या को जन्म दिवस की बधाईयां दी। अपने स्वागत से अभिभुत विधायक आक्या ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा की विधानसभा क्षेत्र की समस्त 36 ही कोम का स्नेह व सहयोग उन्हे हमेशा मिलता रहा है इससे उन्हे बेहतर कार्य व जनसेवा करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सीकेएसबी चेयरमेन लक्ष्मण सिंह खोर, भूमि विकास बैंक चेयरमेन बद्रीलाल जाट, पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व चेयरमेन सुशील शर्मा, करनलसिंह राठौड़, भरत जागेटिया, पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, भदेसर प्रधान सुशीला कंवर, भंवरसिंह खरड़ीबावड़ी, अनिल ईनाणी, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, भोलाराम प्रजापत, नवीन पटवारी, तेजपाल रेगर शेलेन्द्र झंवर, सुरेश जैन, दिनेश शर्मा, रतन डांगी, पवन आचार्य, रोहिताश्व जाट, लाला गुर्जर पाण्डोली, दिनेश चतुर्वेदी, सुदर्शन रामपूरिया, कमलेश आमेरिया, भरत डंग, गोपाल जाजू, पूरणसिंह राणा, बालकिशन भोई, रामेश्वर धाकड़, शिवराजसिंह बेजनाथियां, नरेश जाट, प्रकाश भट्ट, रवि विराणी, अशोक रायका, किशन गुर्जर, उषा रांधड, विमला मीणा, रेखा शक्तावत, पार्वती राजोरा, रेणु मिश्रा, चांदनी गौड, सुनिता शर्मा, ममता चैहान सहित बड़ी संख्या में जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, विभिन्न ग्राम पंचायतो के सरपंच, पूर्व पार्षद, पूर्व सरपंच आदि उपस्थित थे।

# राडी माता गौशाला में शेड का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

**आचार्य जिनसुंदर सुरिश्वर जी महाराज की प्रेरणा से शेड निर्माण हेतु सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट सूरत एवं महावीर अन्य क्षेत्र के लेहरु भाई शाह के सहयोग से एवं साध्वी अर्हता श्री जी महाराज एवं साध्वी मैत्रीपूर्णा श्री जी महाराज की प्रेरणा से वैशाली जिग्नेश जी जैन इंदौर के सहयोग से 25*100 शेड के निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआकार्यक्रम में मां बगलामुखी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर कृष्णानंद जी महाराज , ददीयाखेड़ी आश्रम के महाराज बलराम दास जी महाराज, स्वामी**



**शिवानंद गिरी जी महाराज अलीगढ़ ,खामरिया आश्रम के बालकृष्ण जी महाराज ,लाखनेटी के महाराज कालीका माता के वृहद पुत्र की उपस्थिति में एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे क्षेत्र के विधायक डॉ चिंतामणि मालवीय, गोसंवर्धन बोर्ड भोपाल के उपाध्यक्ष राधेश्याम रावल ,विशेष अतिथि मे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह परिहार भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया सांसद प्रतिनिधी नंदन राज जैन,सरपंच संघ के अध्यक्ष रघुसिह परिहार ,नगर के समाजसेवी बाबूलाल आचलिया के विशेष अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के पूर्व सभी संतो ने एवं अतिथि गणों में 700 वर्ष पुराना राड़ी माता मंदिर के दर्शन करने के पश्चात शेड निर्माण एवं पानी के ठेल निर्माण का भूमि पूजन किया पूरी गौशाला का भ्रमण कर व्यवस्था देखी स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने आशीर्वचन में कहा कि गौ माता की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है जन सहयोग से चलने वाली इस गौशाला को हम सभी आने वाले समय में प्रदेश में नंबर वन बनाने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे इसके लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे एवं राडी माता मंदिर परिसर में शीघ्र ही पंचमुखी हनुमान मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा कार्यक्रम का संचालन गौशाला समिति के अध्यक्ष राहुल रांका ने किया आभार सचिव नटवर राव ने माना**

## भोपाल में शिक्षिका राधा शर्मा राज्यपाल और मुख्यमंत्री से सम्मानित

### शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हुआ सम्मान



**विशाल बाबा नामदेव** बाग- शुक्रवार 5 सितंबर को भोपाल में आयोजित शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में धार जिले के बाग सांदिपनि विधालय में कार्यरत राधा शर्मा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुई । इस सम्मान हेतु स्कूल शिक्षा विभाग ने 14 शिक्षको के नामो की घोषणा की है जो शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए । बाग सांदिपनि विधालय में अपनी सेवा दे रही राधा शर्मा शिक्षा के क्षेत्र मे अपने कार्य का डंका बजाकर उल्लेखनीय योगदान दिया है। शिक्षा के प्रति इनकी मेहनत और लगन से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में मजदूरी के लिए पलायन करने वाले परिवारों को के बच्चों को शिक्षा से जोड़कर इनमे कहीं बालिकाओं आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता सहित अन्य विभागो में अपनी सेवा दे रही । कोरोना काल में राधा शर्मा ने डिजिटल शिक्षण को बढ़ावा दिया । मीट और जूम के माध्यम से आंनलाईन कक्षाएं संचालित की गुगल फॉम द्वारा पूरे धार जिले में विधार्थियों की परीक्षाएं ली । शिक्षिका राधा को 2023 में राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशस्ति पत्र मिल चूका है। वे योग प्रशिक्षक भी है और महिलाओं के लिए नि शुल्क योग शिविर लगाती है। इस कार्य के लिए उन्है माहेश्वरी महिला मंडल बाग ने सम्मानित किया । 2024 में उन्हें राज्य स्तरीय योगिनि अवार्ड से भी नवाजा गया । राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में राज्यपाल मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री ने शिक्षीका को 25 हजार रुपये की सम्मान निधि शाल श्रीफल भेंट की राधा शर्मा मास्टर ट्रेनर के रुप में अन्य शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करती है वे विधार्थियों को नैतिक शिक्षा तनाव प्रबंधन और व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण देते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतराष्ट्रीय योग दिवस ध्यान दिवस मंच संचालन में शिक्षिका की महती भूमिका रहती है। वर्तमान मे बच्चो को मोबाइल की लत से निजात के लिए शिक्षिका द्वारा कुछ गेम्स व रचनाओं पर नवाचार किया जा रहा है। सभी ने शिक्षिका राधा शर्मा के राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त होने परजिला शिक्षा अधिकारी धार,सहायक आयुक्त धार ,जिला योग प्रभारी धार,जिला अध्यक्ष धार , विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बाग ,प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय बाग, बी आर सी सी व पूर्व राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षको ने जिले के प्राचार्य व शिक्षको द्वारा,पत्रकार बंधुओ, स्नेहीजनों व छात्र/छात्राओ द्वारा बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की गई।

# गायत्री शक्तिपीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोबट में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम हुआ

### डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के प्रथम प्रोफेसर थे - नीलिमा ठाकरे

**मुकेश राठौड़ खट्टाली** डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण देश के प्रथम प्रोफेसर थे, वह एक दार्शनिक, विचारक एवं शिक्षक थे, स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रभावित थे , यह बात गायत्री शक्तिपीठ के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केकार्यक्रम की मुख्यअतिथि में नीलिमा ढाकरे ने अपने उद्बोधन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक दिवस के उपलक्ष में कहा, इसके पूर्व देव पूजन मुख्य अतिथि नीलिमा ढाकरे ने किया, पूजन मांगीलाल डाबर ने करवाया, एडवोकेट लोकेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा छात्र परिषद का गठन कर सदस्यों को शपथ दिलाई गई, विश्वकर्मा ने कहा कि हमें सदैव गुरु का सम्मान करना चाहिए, संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर शिवनारायण सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक अपने आप में कब गर्व करते हैं जब उनके पढ़ाये गए छात्र-छात्रा डॉक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, कस्टम ऑफिसर आदि बनते हैं, छात्र नंदिनी हरवाल, भक्ति जयसवाल, कीर्ति शर्मा, व शिवि राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किया ,विद्यालय के समस्त शिक्षकों का उपहार देकर सम्मान किया गया, साथ ही मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में सरस्वती वंदना नंदिनी हरवाल, स्वागत गीत नव्या एवं अर्चना तोमर ने, स्वागत संस्था की प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र राठौर, आभार संस्था की प्राचार्य रविकांत वर्मा ने माना, कार्यक्रम में समिति के सदस्यों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनिया सहयोग रहा है , शांति पाठ किरण राठौड़ ने किया, जानकारी मीडिया प्रभारी शिवराम वर्मा ने दी।



# तराना नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर जुलुस निकाल कर मनाया मोहम्मद सहाब जन्मदिन



**अरशद जागीरदार** हिंदुस्तान जिंदाबाद, *ओर इस्लाम जिंदाबाद के नारे लगाए, नगर में शुक्रवार को मुस्लिम समाज ने पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन के मौके पर ईद मिलादुन्नबी पर्व पर जुलूस निकाला गया। जुलूस में बैंड बाजे,घोड़ी,ढोल-धमाके के साथ बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे। जुलूस तराना बस स्टैंड से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए बस स्टैंड पर पर संपन्न हुआ। जुलुस में समाज जन नात शरीफ पढ़ते चल रहे थे। साथ ही अनेक मार्गो पर मिठाईया, पोहा , जलेबी, फरूट, हलवा वितरित किए गए। 12 रबी-उल-अव्वल वह महत्वपूर्ण तारीख है, जिसमें सरकारे मदीना रसूले पाक की पैदाइश हुई, हुजूर की पैदाइश के इसी दिन को आशिकाने रसूल ईदो की ईद, ईद मिलादुन्नबी के रूप में हर साल पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ बनाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस्लामी कैलेंडर के तहत रबी-उल- अव्वल माह की शुरुआत होते ही मुस्लिम समाज के लोग 12 रबी-उल-अव्वल पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश के जश्न को लेकर पूरी अकीदत के साथ तैयारियों में जुट जाते हैं। मुस्लिम इलाकों को सजाने का दौर भी शुरू हो जाता है। इस दौरान गलियों और घरों पर हरे झंडे लगाने के साथ ही चमक,लाइट,झालर के साथ आकर्षक सजावट भी की जाती हैं। जुलूस में तराना शहर काजी सफीउल्लाह साहब अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर सैयद अकबर हुसैन जागीरदार,नायब सदर आरिफ शाह साहब, नायब सदर शेख वकील, साहब का जगह जगह स्वागत सम्मान किया गया साथ ही जुलूस में प्रशासनिक अमले में तराना अनुविभागी अधिकारी श्री बृजेश सक्सेना, तराना एस डी ओपी श्री भविष्य भास्कर, तराना थाना प्रभारी श्री आर एन एस भदोरिया, तराना तहसीलदार कुमारी टीना मालवीय तराना सीएमओ श्री वीरेंद्र मेहता पूरे जुलूस में अपनी सेवाएं देते नजर आए

## शिक्षक दिवस पर एडवांस किड्स एकेडमी स्कूल में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान के साथ किए उपहार भेंट



**शिवम गुप्ता** जीरापुर- - डाक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एडवांस किड्स एकेडमी स्कूल में सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा डाक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा गुरू वंदना का सामूहिक गायन कर बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दी गई वहीं शास्त्रीय संगीत और राजस्थानी संगीत पर आधारित धुन पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंचासीन अतिथि वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक रामचंद्र वर्मा, भेरूलाल गुप्ता, त्रिलोक चंद गुप्ता, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना हजारी लाल दांगी,ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी,बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, रामबाबू गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह तोमर , आदि का स्कूल संचालक गिरिराज गुप्ता, प्राचार्य ई.के.जोशी , उप प्राचार्य पुष्कर पटेल,बरखा मेम, ममता चौहान आदि स्टाफ के शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर माल्यार्पण से अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य ई.के.जोशी द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर शिक्षा का उजियारा फैलाते हैं। अनगढ़ बच्चों को ज्ञानवान नागरिक बनाते हैं। कार्यक्रम में अनेक वक्ताओं द्वारा शिक्षक दिवस पर अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। स्कूल संचालक गिरिराज गुप्ता द्वारा सभी सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान के साथ उपहार भेंट किए गए।कार्यक्रम का संचालन दिनेश जमींदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेश पटवारी,अजय मूंदड़ा, डाक्टर मनोज गुप्ता,पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष मोहन लाल पुष्पद सहित अनेक सेवा निवृत्त शिक्षक , स्कूल स्टाफ ,एवं पत्रकार मौजूद रहे।

## डही विशाल गणेश प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़ रही हजारों भक्तों की भीड़



रामेश्वर सोनी--डही में गणेशोत्सव का रंग ऐसा की देखते ही बनता है,दस दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों में भक्तों का शेलाब। विशाल गणेश प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़ रही हजारों भक्तों की भीड़।पंडालो में की जा रही नमकीन ओर मिठाइयों की प्रसादी वितरण डही नगर में दस दिवसीय गणेशोत्सव की छटा सबसे अलग और सबसे निराली है यहाँ सांध्य ढलते ही पेड़े,खमण,कचोरी,काजू कतली,पोहे,गुलाब जामुन,इन सबका नाम सुनते ही मुँह में पानी आने लगता है सही भी है प्रतिदिन रात्रि में डही नगर में यही सब सुनने को मिल रहा है और भक्तों को प्रसादी ग्रहण करते भी देखा जा सकता है।इन दिनों गणेशोत्सव की धूम के बीच तरह तरह के पकवानों की सुंगन्ध की महक से डही नगर महक रहा है बड़े बड़े गणेश पंडालों में उमड़ रही भगवान गणेश जी के भक्तों की भीड़ ने डही नगर को धर्ममय नगरी बना दिया। डही में रात्रि में रहती है रौनक,अनेक संगठनों ने की बप्पा की स्थापना। नगर में इस बार गणेशोत्सव की रौनक देखते ही बन रही है विशाल ओर मनमोहक श्रीगणेश प्रतिमाओं की स्थापना में नगर के युवा व सामाजिक संगठनो ने की है जिनमे वंदे मातरम् ग्रुप, श्रीराम मंत्रिमंडल ग्रुप, राजपुर ग्रुप, हनुमान मंदिर समिति ग्रुप,सोनी समिति ग्रुप, आदि संगठनों द्वारा नगर में लगभग 10 से अधिक स्थानों पर जगह-जगह बड़े बड़े पंडालों विद्युत साज सज्जा से सजे पंडालों में 12 से 18 फिट ऊंची भगवान श्रीगणेश की विशाल प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। नगर के साथ आसपास क्षेत्रो से भी दर्शन को पहुँच रहे है भक्त। भगवान श्रीगणेशजी के दर्शन के लिए न सिर्फ नगरवासी बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन डही पहुंच रहे हैं। विभिन्न संगठनों द्वारा श्रीगणेश पंडालों की भव्यता और श्रद्धा का यह आलम है कि हर शाम आरती के समय पंडालों में भारी भीड़ उमड़ रही है श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ महाआरती में शामिल होकर आध्यात्मिक ओर धार्मिक सनातनी माहौल का अनुभव कर रहे हैं। इन सभी ग्रुपों द्वारा विशालकाय गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं हर पंडाल को आकर्षक लाइटिंग, रंग-बिरंगी सजावट और मनमोहक थीम से सजाया गया है जो बदलती भी रहती है। श्रीगणेश पंडालों में प्रतिदिन रात्रि को महाआरती व भव्य महाप्रसादी के आयोजन किये जा रहे है जिनमें बड़ी संख्या श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। व्यंजनों की महक प्रसादी के रूप में महक रही है। पंडालों में हर संगठनो द्वारा प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की महाप्रसादी जिनमे पोहा,खमण,कचौरी,मिर्ची, **आलूबड़े,समोसे,मिर्ची,रबड़ी,** गुलाब जामुन,मिठाई,मिक्चर सहित अलग-अलग प्रकार की प्रसादी वितरित की जा रही है लंबी लंबी लाइन लगाकर श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे है। नगर में विशाल गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही पूरा नगर गणेशमय हो गया है नगर के प्रत्येक क्षेत्र में जगह-जगह लाइटिंग की सजावट और रंगीन विद्युत झालरों से रात का नजारा मनमोहक नजर आ रहा है छोटे बच्चों से लेकर युवाओं,महिलाओं व बुजुर्ग श्रद्धालु प्रतिदिन पंडालों के दर्शन कर व्यंजनों का प्रसादी के रूप में आनंद ले रहे हैं। यहाँ प्रसाद की यह परंपरा भी पुरानी है।

## कुटुंब आश्रय समिति ने लता जी की जयंती के उपलक्ष मे रिटायर्ड शिक्षको का किया सम्मान




**रविन्द्र खाण्डेकर 8959076795** बड़वाह- मां. जयंती म्युजिकल ग्रुप व कुटुंब आश्रय समिति ने संयुक्त रूप से स्वर कोकिला लता मंगेशकर की सूरमयी जयंती मनाई। मंच का सूरम्य संचालन का दायित्व पुष्पेन्द्र रावल ने निभाया। श्री गणेश वंदना से समारोह का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डा. महेश चौहान. श्री कृष्ण सोहनी वकील. हास्य रस के सिरमौर पिंटू सेन. विशेष अतिथिगण शिक्षक चंद्र पालसिंह कुशवाह. न्या.वि. स्टेनो अंतिम सोलंकी. आदि का तिवारी रेस्त्रां संगीतालय के प्रेरणास्त्रोत मा. कपिल तिवारी गड़बड़ ने पुष्प वर्षा से अभिवादन किया। संगीत समूह के वरिष्ठ कराओके गायककार मनोज खेड़े. सुनील भालसे. डा.अवकेश मालवीय. डा.अरुण चिंचे. डा.मनिष बर्वे. प्रवीण श्रीमाली. सुनील जोशी. सीमा व डा.रितेश डोंगरे ने मिले जूले सदाबहार पुराने लोकप्रिय नगमो से समा बांधा. एक से बड़कर एक. सुरिले नगमो से सभी का मन मोहा. नव गायको मे सीमा शिंदे. हेमंत सिटोले. महेश पटेल. मंगलेश महोदय ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। संस्था का उद्देश्य है सभी नवगायको को तराशकर क्षेत्र को संगीतमय बनाया जा सके। कु.आ.समिति की अध्यक्षा-सुश्री अश्विनी चौधरी ने से.नि.शिक्षक सुरेंद्र जायसवाल. टी.सी.गोखले. व पुष्पेन्द्र रावल का शाल श्रीफल व उपहार भेटकर किये तथा सम्मान समारोह मे कहा शिक्षक देश की धुरी है.। यह पद सभी पदो से सर्वोपरि होता है। शिक्षा बिना के मानव अपूर्ण रहता है. शिक्षक पद सभी पदो की जननी होकर गरिमा व प्रेरणा से परिपूर्ण होता है। समिति स्कूलों मे शैक्षणिक सामग्री. धार्मिक पर्वो पर भंडारे. गरीबों को कम्बल. चरणपादुका. व पोशाख वितरण. बालिकाओं को जूड़ो कराटे. तलवार बाजी व आत्मरक्षा के तरीके व स्वस्थ रहने हेतू योगासन निरंतर सीखाया जाता है। श्री जायसवाल ने इस संस्था को एक हजार रू.का त्वरित नगद सहयोग किया. व आगामी समय मे समिति को सहयोग करने का संकल्प लिया. कार्यक्रम मे पेंशनर संघ के अध्यक्ष यशवंत कर्मा व जि.उपा.-पुंजारी गौड़. भी पधारे व कार्यक्रम की बेहद सराहना की। संगीतमय सफर मे पत्रकार कमल भालसे. कल्याण अवास्या.बुद्धीलाल

सेलवाने.बीआरसी रघुनाथ धारेकर. जितेंद्र परिहार. विजय चौहान. महेश कनासे इत्यादि पधारे थे। समापन पर अतिथियों को स्वल्पाहार प्रदान किया. समारोह का आभार अंकुर तिवारी ने माना!

## देवरुडी में श्री श्री 108 स्वर्गीय श्री मंगलनाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन



**संजय आचार्य खरसोद कला -- ,देवरुडी में श्री श्री 108 स्वर्गीय श्री मंगलनाथ जी महाराज की पुण्य स्मृति में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया और क्षेत्रभर से सैकड़ों भक्तजन पहुंचकर महाराज श्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने लगे। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया और महाराज श्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि भंडारे के साथ-साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन रखा गया। इसमें युवाओं और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। इस सेवा कार्य को सभी ने सराहा और इसे महाराज श्री की स्मृति को जीवंत रखने का प्रेरणादायी प्रयास बताया। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री 108 मंगलदास जी महाराज की राजगद्दी संभालने वाले श्री पहलाद दास जी महाराज भी उपस्थित रहे, जिन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए और गुरु परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। महिला मंडल और युवाओं ने आयोजन में सेवा कार्य कर सक्रिय योगदान दिया। वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि स्वर्गीय श्री मंगलनाथ जी महाराज का जीवन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है और उनकी स्मृति में आयोजित ऐसे कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों को भी मार्गदर्शन देंगे। यह भव्य भंडारा एवं रक्तदान शिविर ग्रामवासियों की एकजुटता, भक्ति और मानवता का प्रतीक बनकर हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्यम चौधरी एवं पुलिस स्टाफ की उपस्थिति भी रहे**

# मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अधिवेशन में 3 वर्ष के लिए निर्वाचन हुआ

अरशद जागीरदार

## मनीष शर्मा चितावलिया खेडा प्रदेश मंत्री मनोनीत हुए




देवास। 3 सितम्बर बुधवार को म.प्र. कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ का 8 वां प्रदेश अधिवेशन प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल साकेत की अध्यक्षता में मां चामुण्डा की नगरी देवास में संपन्न हुआ। भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश के महामंत्री माखन सिंह धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम मुख्य अतिथि म.प्र. शासन के श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल, विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, संरक्षक शैलेन्द्र अग्रवाल, बीएमएस संगठन मंत्री निरंजनसिंह, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष विश्राम मालाकार, मध्यप्रदेश प्रभारी जंगबहादुर, भारतीय मजदूर संघ के उपाध्यक्ष सहप्रभारी भवन निर्माण दिनेश शुक्ला, संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह, पूर्व महामंत्री लक्ष्मीनारायण मारू, बिजली महासंघ सुशील कुमार पांडे, भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड, निलेश जाटव, राजू लोधी, अजय उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन सत्र में चुना प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें आगामी तीन वर्षीय नवीन कार्यकारिणी का प्रस्ताव चुनाव अधिकारी के पास रखा गया। प्रस्तावित नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. प्रदीप पाठक, कार्याध्यक्ष बाबूलाल साकेत, उपाध्यक्ष अर्चना गौड़, उपाध्यक्ष अशोक चौहान, विजय दुबे, लालजी मरावी, रामविलोचे, कन्धीलाल बुनकर, महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय, संयुक्त महामंत्री शंकर शर्मा, संगठन मंत्री मधुसूदन गुरू, प्रदेश मंत्री मनीष शर्मा चितावलिया खेडा उज्जैन सुनील यादव , हरीश यादव, यामिनी नाग, मीरचंद साहू, कोषाध्यक्ष निलेश नागर, विधि सलाहकार सालिगराम राजपूत, कार्यालय मंत्री सचिन सेन, सदस्य जनकलाल सोनी, संजय मेहरा, आनंद पाखरसर चुने गए। कार्यक्रम में भारतीय जनता निर्माण श्रमिक संघ के प्रदेश के अध्यक्ष अशोक चौहान, पीथमपुर महामंत्री माखन सिंह धाकड़, इंजीनियरिंग श्रमिक संगठन के जिला महा महामंत्री महेंद्र सिंह परिहार,प्रवीण वैष्णव, श्रीराम कुमावत, मोंटी जाधव, अशोक पोरवाल, कैलाश पटेल, अजय विजयवर्गीय, सुनीता गिरी, उर्मिलरमेश करंजिया का योगदान रहा। संचालन महामंत्री लोकेश विजयवर्गीय ने किया तथा आभार भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड माना

# राणापुर थाने में डायल 112 की पूजन के साथ शुरुआत की गई




**पंकज गोस्वामी** राणापुर-- मध्यप्रदेश गृह मंत्रालय द्वारा पीड़ित के पास त्वरित पुलिस पहुंचने के लिए मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर 2015 को डायल 100 वाहन की शुरुआत की गई थी। लेकिन अब इसमें बदलाव करते हुए हाल ही में अब डायल 112 की शुरुआत मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा की गई। राणापुर थाने में भी अब डायल 112 वाहन उपलब्ध हो गया है। डायल 112 वाहन की राणापुर थाने में थाना प्रभारी दिनेश रावत एवं स्टाफ द्वारपूजन कर नवीन वाहन की शुरुआत की गई। स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस विभाग 24 * 7 उपलब्ध रहेगी

# सीसी निर्माण कार्य का नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ ने किया भूमि पूजन ...

**संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878-- नगर पालिका के वार्ड नं. 2,4,5,6, प्रमुख मार्ग संवालिया मंदिर से राम जानकी मंदिर बसई तक सीसी रिन्यूअल कोट निर्माण कार्य का नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौर ने भूमि पूजन किया। यह निर्माण कार्य करीब 59 लाख 58 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा।इस निर्माण कार्य से नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि नगर पालिका के नेतृत्व में विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं बैरसिया नगर की आवश्यकताओं को हम भली-भांति जानते हैं वही नपा परिषद द्वारा नगर वासियों को सभी मूलभूत सुविधा मुहैया कराने का प्रयास जारी है। नगर पालिका का लक्ष्य है सभी वार्डों में विकास कार्य हो ,नगर में जहां-जहां जरुरत है विकास कार्य प्राथमिकता से कराया जा रहा है। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र सक्सेना सहित सभी पार्षद एवं नगरवासी उपस्थित रहे।**




# जश्न ए मिलादुन्नबी पर नानपुर दाऊदी बोहरा समाज द्वारा भव्य जुलूस

## मस्जिद की एक छत के नीचे सारा हिंदुस्तान देख रहा हूँ! -पुलिस निरीक्षक श्री डावर



**नानपुर -इज़्जी शिया दाऊदी बोहरा जमात नानपुर के द्वारा पैगम्बर मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.स.) के जन्मोत्सव जश्न ए मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर भव्य जुलूस बोहरा मरकज से ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुवे बोहरा हाल में मस्जिद में तब्दील हो गया। जुलूस की सदारत दाऊदी बोहरा समाज के अगाध श्रद्धाकेंद्र धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहेब के प्रतिनिधि आलीराजपुर के आमिल साहेब जनाब शेख़ कौशरभाईसाब देवासवाला ने की।**

**जुलूस में आम्बुआ से आए मोहम्मदी स्काउट बैंड ने अपने सुमधुर वाद्ययंत्रों के साथ राष्ट्रीयता से ओतप्रोत गीत एवं मदह की सुमधुर धुन के साथ चल समारोह में चार चांद लगा दिए । नाराइुएइुतदबीर अल्लाहो अकबर , भारत माता कि जय, जश्न ए ईद ए मिलादुन्नबी मुबारक मुबारक के नारो से आकाश गुंजायमान था। सभी समाजगण सफ़ेद वेशभूषा में अनुशासित चल रहे थे, बग्गी रथ पर नन्हे बच्चे अपने अपने हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती लिए थे जिसमें पर्यावरण को बचाना है प्रदूषण को भागना है। , 15इुवर्ष के बच्चों को मोबाइल से दुर रहना है बचपन किताबों का मोबाईल का नहीं इत्यादि स्लोगन लिए हुवे थे। जुलूस के आगे तिरंगा झंडा लिए बुलेट पर समाज के युवा चल रहे थे, पीछे बोहरा समाज के साथ आमंत्रित सर्व समाज के गणमान्य नागरिक चल रहे थे। जुलूस का मुस्लिम मस्जिद चौक पर मुस्लिम समाज के नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, वहीं राठौड़ कॉम्प्लेक्स पर राठौड़ समाजजनो ने, बडचोक पर पोरवाड़ समाज एवं वाणी समाज द्वारा जुलुस पर फूलो से स्वागत किया गया। चल समारोह जब बस स्टैंड पहुंचा वहां पर आमिल साब, ग्राम थाना प्रभारी निरीक्षक डावरजी, डॉ.गुप्ताजी, हाजी सिराज भाया , हाजी चांद मामा के साथ अतिथि गणों को मोहम्मदी स्काउट बैंड द्वारा सलामी देकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया! चल समारोह जब बोहरा समाज के मरकज पर पहुंचा वहां पर आमंत्रित अतिथि का साल उड़ाकर स्वागत जमात के सेक्रेटरी हमजा मर्चेंट, ट्रेजरर ताहा दाऊदी, फखरुद्दीन खयदीवाला ने किया, स्वागत उद्बोधन वालीमुल्ला खुजेमाभाई राज ने किया, इस ख़ुशी की मजलिश को वरिष्ठ पत्रकार एवं ओजस्वी वक्ता प्रदीपजी क्षीरसागर ने मिलादुन्नबी की सभी को खुब खूब मुबारकबाद पेश करते हुए ऐसे आयोजनों की प्रसन्नता व्यक्त की। वाणी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहरजी वाणी, आदिवासी समाज के नवलसिंगजी मंडलोई, सदर ए मुस्लिम समाज हाजी सिराज भाई,मुस्लिम समाज से हाजी चांद मामा,के साथ पुलिस निरीक्षक श्री राजेश जी डावर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में ख़ुशी का इज़हार करते हुए कहा कि आज में इस मस्जिद में एक छत के नीचे सारा हिंदुस्तान देख रहा हूं। आगे आपने कहा कि बोहरा समाज ने आज सर्व समाज के साथ जो आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया है वो अनुकरणीय है। आलीराजपुर आमिलसाब शेख कोसरभाई देवासवाला ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सैयदना साहेब का संदेश है कि जिस मुल्क में रहो उसके प्रति वफादार रहे, सभी समाजजनों के साथ आपसी प्रेम और भाईचारे से रहे। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य सदस्यों के साथ नानपुर के पत्रकार जितेंद्र प्रसाद वाणी, फिरोज़ पठान, जितेन्द्र राज (बाऊभाई) वाणी,मनीषजी माली(गजाभाई), राजेश जी राठौड़, रिज़वानभाई शेख़ देवा भाई(शुभम)वाणी, मुसाइद पठान,कन्हैयाभाई राय, डिंपू राठौड़,डॉ.सुनील वाणी, प्रकाश वाणी, गोलू राठौड़, घनश्याम माली आदी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवम समाजसेवी मुल्ला शफ़क़त दाऊदी ने किया और आभार ज्ञापन मुल्ला इक़बाल राज ने माना।**

# करंज मुख्य रोड पर जल भराव से हो सकता है बड़ा हादसा

**अरशद जागीरदार** तराना की मुख्य ग्राम पंचायत करंज के ग्रामीणों द्वारा कल तराना तहसील पहुंचकर तराना अनुविभागीय अधिकारी श्री बृजेश सक्सेना को एक बड़ी समस्या से अवगत कराया ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया जिसमें उनके द्वारा तराना अनुविभागी अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया गया कि ग्राम करंज से निपानिया तक जो मुख्य रोड है इसके निर्माण के समय ध्यान नहीं देते हुए एक मुख्य समस्या छोड़ दी गई है रोड में बारिश के समय जल भराव की स्थिति बन जाती है जिस पर से व्यक्तियों का तो ठीक है लेकिन वाहन भी निकलने में दिक्कत आती है ग्रामीणों द्वारा आवेदन से अवगत कराया गया कि मुख्य रोड पर बारिश हो जाने पर जल भराव हमेशा हो जाता है स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चे और ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर रोड पार करते हैं जिस से की जान का जोखिम हमेशा बना रहता है ग्रामीणों ने बताया है कि रोड पर कई बार बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी है और कई लोग इसमें घायल भी हो चुके हैं तराना एसडीएम श्री बृजेश सक्सेना से निवेदन करते हुए ग्रामीणों ने समस्या का जल्द से जल्द निदान करने का निवेदन किया है



# सांदीपनी विद्यालय बैरसिया में शिक्षक दिवस कार्यक्रम सम्पन्न..



संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878-- संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरसिया में शिक्षक दिवस समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री राजीव शर्मा थे कार्यक्रम की अध्यक्षता सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य मिश्रा जी कर रहे थे वहीं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बैरसिया के तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया ,इस अवसर पर प्रांतीय संगठन मंत्री ने गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए पूर्व राष्ट्रपति राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाये जाने पर विस्तार से व्याख्यान दिया।वही इस अवसर पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश शुक्ला ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षकों का मूल कर्तव्य शिक्षण कार्य है सभी शिक्षक साथी अपने मूल कार्य शिक्षण को इस प्रकार करें कि भारत का भविष्य उज्जवल हो। कार्यक्रम में राकेश नागर शिक्षक संघ के जिला सदस्य मदन गोपाल नामदेव जिला उपाध्यक्ष पूजा दुबे नगर कार्यकारिणी सदस्य डाली साहू महाराज मीणा एवं सांदीपनि विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## श्रीमती जया और राजमल कुशवाहा उपाध्यक्ष तो कुबेर सिंह पुनः बनाए गए भाजपा जिला महामंत्री...



भारतीय जनता पार्टी
जिला भोपाल (ग्रामीण) मध्यप्रदेश

| क्रमांक | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजमल कुशवाह | उपाध्यक्ष |
| 2 | श्री दयाल सिंह गुर्जर | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री नरेश शर्मा | उपाध्यक्ष |
| 4 | श्री हेमंत बिल्थरिया | उपाध्यक्ष |
| 5 | श्रीमती जया साहू | उपाध्यक्ष |
| 6 | श्री वीरेंद्र सिंह मारण (गोलू) | उपाध्यक्ष |
| 7 | श्री पूरन सिंह पटेल | उपाध्यक्ष |
| 8 | श्री कुबेर सिंह गुर्जर | महामंत्री |
| 9 | श्री सत्यनारायण शर्मा | महामंत्री |
| 10 | श्रीमती सावित्री मालवीय | महामंत्री |
| 11 | श्री राजकुमार राजपूत | मंत्री |
| 12 | श्री शादीलाल वर्मा | मंत्री |
| 13 | श्री राज दांगी | मंत्री |
| 14 | श्री रामबाबू मीणा | मंत्री |
| 15 | सुश्री नीतू शर्मा | मंत्री |
| 16 | श्रीमती रचना साहू | मंत्री |
| 17 | श्रीमती रानी मेहर | मंत्री |
| 18 | श्री संजय पाल | मंत्री |
| 19 | श्री प्रमोद सिंह तोमर | कोषाध्यक्ष |
| 20 | श्रीमती शानू नागर | सह कोषाध्यक्ष |

संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878 -- भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा भोपाल ग्रामीण जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा ने गुरुवार को जिला पदाधिकारियों की घोषणा की । जिसमें राजमल कुशवाहा, श्रीमती जया साहु,दयाल सिंह गुर्जर, नरेश शर्मा, हेमंत बिल्थरिया, वीरेंद्र सिंह मारण एवं पूरन सिंह पटेल को जिला उपाध्यक्ष, कुबेर सिंह गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा एवं श्रीमती सावित्री मालवीय को जिला महामंत्री, राजकुमार राजपूत,शादीलाल वर्मा,राज दांगी, रामबाबू मीणा, सुश्री नीतू शर्मा, श्रीमती रचना साहु, श्रीमती रानी मेहर, संजय पाल को मंत्री, प्रमोद सिंह तोमर को कोषाध्यक्ष एवं श्रीमती शानू नागर को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही अपनी नियुक्ति पर समस्त नवनियुक्त पदाधिकारीयों ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया, साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष रूप से बधाई शुभकामनाएं दी।

# शिक्षक संघर्ष करते हुए भी बच्चो को बेहतर शिक्षा देने के कटिबद्ध होता हैः सोलंकी

### शिक्षक सम्मान समारोह में जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी ने कहा

### प्रोगेसिव पेंशनर एसोसिएशन व लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल का संयुक्त आयोजन



संवाददाता = धर्मेश सोनी पेटलावद। शिक्षक हमेशा बच्चो को अच्छी और बेहतर शिक्षा देने की चाह में कार्य करता है। मैने वो दौर भी देखा है जब शिक्षक बच्चो को विद्यालय पढ़ाने जाता था तो कितना संघर्ष करता था। साइकिल से तो कभी पैदल ही ग्रामीण क्षेत्रो की ओर निकल पड़ता था। बरसात में नदी नाले पार करके भी अपने कर्तव्य को पूरा करता था। यह बातें जनपद पंचायत अध्यक्ष रमेश सोलंकी ने कही। आप प्रोगेसिव पेंशनर एसोसिएशन व लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। श्री सोलंकी ने कहा गुरु की महिमा अपरंपार है। विशेष अतिथि प्रोगेसिव पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष एनएल रावल ने सभी गुरुओं को प्रणाम करते हुए आज के दिन की शुभकामनाएं दी। लायंस क्लब अध्यक्ष गजेन्द्र काग ने कहा संस्कार और शिक्षा दोनों शिक्षक ही देते है। लायंस डिस्ट्रिक्ट माइक्रो केबेनेट सदस्य प्रबोध मोदी ने कहा आज आपको सम्मानित करते हुए सुखद अहसास ओर अनुभव महसूस हो रहा है। वरिष्ठ शिक्षक मूलचंद काग ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को दर्शनशास्त्र का प्रकांड पंडित बताया। पूर्व झोंन चेयरमैन आलोक चौहान ने अंधेरे से उजाले को ओर ले जाने वाले गुरु को बताते हुए भगवान की समकक्ष उपाधि दी। अभिभाषक लायन निलेशचंद्र कुशवाह ने कहा शिक्षक के बारे में कुछ कहना मतलब सूरज को दिया दिखाना है। पूर्व अध्यक्ष नीलेश भट्ट ने कहा गुरु की महिमा निराली है आज के दिन गुरु के दर्शन होना ही सबसे बड़ी ईश्वर की कृपा है। शिक्षक गोविंददास बैरागी ने गीतिका प्रस्तुत की। संचालन दयाराम पाटीदार ने किया। आभार कोषाध्यक्ष दिलीप राठौड़ ने माना। लायन पवन भंडारी, देवेंद्रसिंह पुरोहित, शंकरलाल पटेल, रमेशचंद्र परमार, राघवेंद्र चतुर्वेदी, कृष्णदास बैरागी, रविराज गुर्जर, मुकेश पाटीदार भी विशेष रूप से मोजूद रहे।

गुरुजनों का हुआ सम्मान- 75 वर्ष की आयु पार कर चुके शिक्षक मूलचंद काग, दयाराम पाटीदार, बंशीधर पालीवाल, गोविंद दास बैरागी, रतनलाल भाटी, मोडीराम चौहान, भास्कर भट्ट, सत्यनारायण भाटी, सुरेशचंद्र वर्मा, रणछोड़लाल गरवाल का सम्मान किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जश्ने ईद-मिलादुन्नबी, जगह जगह हुआ स्वागत पुलिस प्रशासन और राजस्व अमले का किया स्वागत, सरकार की आमद मरहबा से गुंजा नगर



बाग -मुस्लिम समाज के सबसे बड़े धर्म गुरु हज़रत पैंगबर सहाब के यौमे पैदाईश कै मौके पर मनाए जाने वाले जश्ने ईद-मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया । इस मौके पर सुबह नव बजे लोहार फलिया मदीना मस्जिद से मदरसे के बच्चों की प्रभात फेरी के साथ जलसा निकाला यह जलसा गवलीपूरा, ब्राह्मण मोहला ,माता दरवाजा,मुसलमान मोहल्ले से मुख्य बाजार होते हुए मदीना मस्जिद पहुंचा जहां मदरसे के बच्चों का प्रोग्राम के बाद समापन किया गया । जलसे में सरकार की आमद मरहबा दिलदार की आमद मरहबा की गुंज से नगर गुंज गया मुस्लिम युवाओं ने अपने अपने मोहल्ले में किया जलसे स्वागत बाटी चाकलेट पैगंबर सहाब के यौमे पैदाईश के इस उत्साह में हर कोई उत्साहित होते हुए मुस्लिम मोहल्लों को आलीशान सजाया गया घरों में लाईटींग की गई युवाओं ने मंच मोहल्लों में मंच लगाकर निकलने वाले जलसे का जोरदार फूल बरसाकर स्वागत किया एवं बच्चों को चाकलेट बाटी शरबत पिलाया । बच्चों का होंसला बढ़ाते हुए नारे लगवाए मेरे नबी की देखो शान बच्चा बच्चा है कुर्बान । पुलिस प्रशासन और राजस्व अमले का किया सम्मान जश्ने ईद-मिलादुन्नबी के इस जलसे में बाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान अपने अमले के साथ व राजस्व विभाग बड़ी मुस्तेदी से चल रहै है थे साथ ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे । इसी को लेकर मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों ने पुलिस प्रशासन एवं राजस्व अमले का आभार मानते हुए पुष्पहारों से स्वागत किया । इस दौरान शहर सदर लखानी मेव ने सभी देश वासियों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा की आज हमारे आका का जन्मदिन है जिसको लेकर समाज में उत्साह और उमंग है । जिसे बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया । शराफत खान पठान ने कहा की यह पर्व शांति भाईचारे और अमन का संदेश देता है बड़े ही अखलाक भाईचारे के साथ पर्व मनाया गया जिसमें पुलिस प्रशासन व राजस्व अमले का बड़ा सहयोग रहा में पुनह- इनका आभार मानता हूं । जलसे में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन शामिल थे ।

## वॉरियर फाइटिंग क्लब आलोट के पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए



वॉरियर फाइटिंग क्लब आलोट के पांच खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में आदित्य प्रताप सिंह एवं अवधेश प्रताप सिंह ओर वूशु प्रतियोगिता के लिए छोटू रावत, वैभवी पाटीदार ,यामिनी वेद का चयन हुआ है जो ग्वालियर में आयोजित होगी । इन खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब राज्य स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे और क्लब का नाम रोशन करेंगे । खिलाड़ियों के कोच शिवरादित्य डोडिया ने इनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें आगे भी अपने परिवार और अकादमी का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## राज्यमंत्री पटेल ने आमजनों की समस्याओं को सुन संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**दमोह** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने आज दमोह कार्यालय पर क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों और स्नेहीजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने आमजनों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति और समस्याओं के समाधान के लिए सरकार सदैव तत्पर हैं। राज्यमंत्री पटेल ने अपने पुराने सहयोगी शिवराम पटेल के सुपुत्र डॉ. नरेन्द्र पटेल के श्री विनायक फिजियोथेरेपी एवं रिहेबिलिटेशन सेन्टर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस संस्थान के माध्यम से लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी, ऐसी शुभकामनाएं देता हूँ।

# राज्यमंत्री लोधी ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों का किया सम्मान



**दमोह** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने निज निवास नोहटा रानी अवंतीबाई लोधी परिसर में शिक्षक दिवस के अवसर पर रिटायर्ड शिक्षक, उत्कृष्ट कार्य एवं नौकरियों में चयनित हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा मानव जीवन में गुरू का बड़ा महत्व है, शिक्षक बच्चों सहित देश का भविष्य तय करते हैं, लोग कहते हैं कि शिक्षक के बच्चे पढ़ नहीं पाते लेकिन मेरे पिता शिक्षक रहे हैं जिन्होंने हम तीनों भाई एवं एक बहन को ऐसी शिक्षा दी है कि छोटा भाई सत्येंद्र सिंह अमेरिका 15 वर्षों तक सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहा हैं लेकिन उनका देश प्रेम उनको अपनी जन्म में लौटा लाया। मंझले भाई नीतेन्द सिंह पुणे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं बहन सैनिक स्कूल में टीचर है। जब सब लोग घर छोड़कर चले गए तो मैं तय किया कि माता-पिता की सेवा के लिए मैं गांव में ही रहकर सेवा करुंगा तब मैंने स्कूलों में शिक्षक के तौर पर कार्य किया। राज्यमंत्री पटेल ने कहा उनके माता-पिता के पुण्य प्रताप से उनके आशीर्वाद से आज उन्हें मंत्री पद प्राप्त हुआ। शिक्षकों के प्रति मेरे मन में बहुत ही सम्मान का भाव रहता हैं, मैंने देखा है कि जब मेरे पिताजी शिक्षक थे तो उन्होंने कड़ी मेहनत करके बच्चों को पढ़ाया लिखाया। अगर आपके दरवाजे पर गुरु और भगवान एक साथ आ जाये तो गुरु को महत्व देना चाहिए क्योंकि गुरु सदैव हमारा बनाते हैं और हमें समाज में योग बनाने का कार्य करते हैं।

# इस्लामिया ए हिन्द कमेटी एवम इक्का बेलुत मित्र मंडल



**उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो 9926809786** रतलाम,शांति के प्रतीक हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव ( ईद मिल्लादूनबी पर्व) की खुशियों सामाजिक संस्था इस्लामिया ए हिन्द कमेटी एवम इक्का बेलुत मित्र मंडल द्वारा काटजू नगर स्थित निर्मला भवन में मोहम्मद व अक़ीदत के साथ सेवा कार्य कर मनाई गई इस अवसर पर फल व मिठाई वितरित कर निर्मला भवन के सभी सदस्य निराशित भाइयों एवम भवन इंचार्ज सिस्टर को पुष्प गुच्छ देकर पर्व की मुबारकबाद दी इस अवसर पर नीम का पोधा रोप कर पर्यावरण सरक्षण का संदेश दिया कार्यक्रम के मुख्य अथिति सहर कांग्रेस अध्यक्ष शांति लाल वर्मा प्रदेश कांग्रेस नेत्री यशमीन शेरानी जिला युवक कांग्रेस मयंक जाट समाज सेवी परवेश निखार थे । कार्यक्रम में उपस्थित थे इक्का बेलूत,विनोद राठौड़,जॉयफ़ आरिफ,रजनीकांत व्यास,चंदन राठौड़, सहजाद ख़ान,प्रदीप राठौड़,ज़ाहिद मंसूरी,इकरार चौधरी,अकरम फ़ारूक़ी सुभ दासोत्तर आदि।

## वात्सल्य स्कूल बरेली में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस




**राकेश दुबे रिपोर्टर बरेली** वात्सल स्कूल बरेली में शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने शिक्षकों का सम्मान किया। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती रागनी नामदेव ने tne2 शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया और कहा आज, हम अपने स्कूल के हृदय का जश्न मनाते हैं- हमारे अद्भुत शिक्षक। युवा मन को पोषित करने और एक सहायक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ही हमारे समुदाय को फलने-फूलने में मदद करती है। हम आपकी कड़ी मेहनत और लगन के लिए तहे दिल से आभारी हैं, जो आपके द्वारा पढ़ाए गए हर पाठ के साथ भविष्य को आकार देते हैं। हमारे अद्भुत शिक्षकों, आपके अटूट समर्पण के लिए धन्यवाद। आप सिर्फ़ विषय पढ़ाने से कहीं ज़्यादा करते हैं; आप जिज्ञासा जगाते हैं, चरित्र निर्माण करते हैं, और हमारे छात्रों को खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए सशक्त बनाते हैं। आपका प्रभाव कक्षा की दीवारों से कहीं आगे तक पहुँचता है।

# अखंड रामायण पाठ से संपन्न हुआ श्रीराम सत्संग मण्डल का स्थापना दिवस कार्यक्रम

**जुबेर अहमद धरियावद 9001885006** धरियावद-श्रीराम सत्संग मंडल धरियावद का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष स्थापना दिवस नगर के काली कल्याण धाम मंदिर परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजित हुआ। इस दौरान पुष्कर आमेटा,भंवरलाल माहेश्वरी,रामेश्वर सेन,प्रेमदास बैरागी,द्वारिका दासजी त्यागी, डा.कैलाश चंद्र शर्मा, त्रिभुवन शर्मा,रूपलाल सुखवाल, सतीश शर्मा,सुभाष शर्मा,गोवर्धन, पवन पारीख, समस्त रामायण पाठी व मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में अखंड रामायण पाठ मंडल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित हुआ। जिसमें यज्ञ,पूर्णाहुति एवं महाआरती में सैकड़ो भक्तजन उपस्थित रहे। तत्पश्चात श्रीराम सत्संग मंडल की बैठक का आयोजन हुआ।अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्यामलाल टेलर ने की। मुख्य अतिथि संपतराज



खंडेलवाल,विशिष्ट अतिथि मणिशंकर चौबीसा,नवनीत पालीवाल,महंत लक्ष्मणदास बैरागी,गिरवरदास बैरागी,समस्त हिन्दू संगठनो के पदाधिकारी उपस्थिति रहे। इस दौरान श्रीराम सत्संग मंडल के सभी सदस्यों ने निर्विरोध मंडल के वरिष्ठ सदस्य आशिष सोनी का नाम प्रस्तावित कर अध्यक्ष के रूप में कार्यभार सौंपकर उपरणा माला व साफा द्वारा सम्मान किया। साथ ही अध्यक्ष श्यामलाल टेलर का विदाई सम्मान किया। सभी अतिथियों का साफा एवं शास्त्र द्वारा सम्मान किया। संरक्षक आनंदीलाल शर्मा का माला व साफा द्वारा सम्मान किया। श्री शर्मा ने बताया की मंडल को स्थापित हुए 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं। एक युग वर्ष के उपलक्ष में काली कल्याण धाम में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडल के कोषाध्यक्ष अर्पित जैन ने बताया की 12 वर्षों में श्रीराम सत्संग मंडल द्वारा अब तक 963 पाठ का आयोजन किया हे जो रजिस्टर्ड दर्ज है। पिछले प्रति वर्ष हुए सुंदरकांड पाठ से अधिक इस वर्ष 113 सुंदरकांड पाठ जो मंडल के लिए उपलब्धि साबित हुई है। वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर उपलब्धियो पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं ने श्रीराम सत्संग मंडल का बखान करते हुए ढेर सारी महिमा की। अंत में नवनियुक्त अध्यक्ष आशीष सोनी ने सभी आमंत्रित पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया अंत मे महाप्रसाद का आयोजन हुआ।

## धर्म मुनि जी महाराज साहब का 80 वां जन्मदिन एकासन दिवस के रूप में मनाया।

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्थान चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में संथारा विशेषज्ञ, छोटे जैन दिवाकर धर्म मुनि म सा का 80 वाँ जन्मदिवस सामूहिक एकासन दिवस के रूप में मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने नानू नवकार भवन में आयोजित सामूहिक एकासन कर एक स्थान पर एक समय भोजन कर अपने गुरु धर्म मुनि का जन्मदिन मनाया। इससे पूर्व श्री जैन दिवाकर स्वाध्याय साधना संस्थान चित्तौड़गढ़ में आयोजित धर्मसभा में पूज्य गुरुदेव धर्म मुनि म सा ने कहा ने उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी के घरों में सुख की मंगलकामना की और कहा कि साधु जीवन ऐसा होना चाहिए कि आपके बाद भी आपके ज्ञान, दर्शन और चारित्र से आपकी साख बनी रहनी चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर सभी को संकल्प दिलाया कि कभी भी भोजन में जूठा न छोड़ें।उन्होंने कहा कि जैन धर्म शूर वीरों का धर्म है इसलिए जैन धर्म के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने से ये गति और आने वाली गति भी सुधर जाएगी।धर्म सबसे महान है जो डूबते को भी तिरा देता है।उन्होंने कहा कि पाप को खारा समझो और धर्म को मीठा समझो। गृहस्थ को भी सोलहवें भव में मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। धर्मसभा को चिराग मुनि ने संबोधित करते हुए कहा कि खुद अपनी आत्मा को तिराओ और भवसागर को पार कर जाओ।चंद्रेश मुनि ने कहा कि गुरु का दिया नाम सच्चा हो जाता है।धर्म मुनि म सा ने अपने नाम के अनुरूप ही यथा नाम तथा गुण को चरितार्थ किया है। केशव मुनि ने गुरुदेव के जन्मोत्सव पर मधुर भजन सीआनंद ही आनंद बरस रहा, बलिहारी ऐसे गुरुवर को 卐का श्रवण कराया।

# सांवलियाजी में जलझूलनी एकादशी मेले का भव्य समापन

## दिव्यांगजनों को मोटोराइज्ड स्कूटी वितरण एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। मंडफिया स्थित कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेला गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**दिव्यांगों को स्कूटी वितरण** समापन समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 51 दिव्यांगजनों को मोटोराइज्ड स्कूटी वितरित की गई। इन स्कूटियों से उनकी गतिशीलता और स्वतंत्रता में वृद्धि होगी तथा वे समाज की मुख्यधारा से बेहतर ढंग से जुड़ सकेंगे।

**मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान** इस अवसर पर 16 गांवों के 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रत्येक को 15 हज़ार रुपये के





चेक प्रदान किए गए ताकि उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन मिल सके और वे उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित हों। **सांस्कृतिक संध्या का आयोजन** मेले के अंतिम दिन एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया। इसमें विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्तिरस से सराबोर भजनों और लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद सीपी जोशी और विधायक अर्जुन लाल जीनगर उपस्थित रहे। इस अवसर पर रतनलाल गाडरी, मंदिर मंडल अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव, कमलेश पुरोहित, मंडल सदस्य भैरूलाल गाडरी, पवन तिवारी, किशन लाल आहीर, रामलाल गुर्जर, हरिराम गाडरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रभा गौतम, प्रशासनिक अधिकारी शिवशंकर पारीक व राघव शर्मा सहित मंदिर मंडल सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। तीन दिवसीय मेले के दौरान लाखों श्रद्धालु सांवलियाजी के दर्शन करने पहुंचे। शोभायात्राओं, धार्मिक अनुष्ठानों और भक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# भारतीय किसान संघ ने दिया ज्ञापन... कहा, बिजली-खाद और सोलर पंप के आनलाईन व्यवस्था में ही सुधार

**राकेश दुबे रिपोर्टर** बरेली भारतीय किसान संघ तहसील इकाई बरेली ने अनुविभागीय अधिकारी बरेली को ज्ञापन देकर किसानों की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान देने बात कही। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में डीएपी एनपीके एवं यूरिया की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जावे एवं आगगी रबि फसल के लिए अभी से कारण किया जावे। किसानों ने कहा कि मूंग की खरीदी के उपरान्त आज तक कई किसानों का भुगतान नहीं किया गया है, उनका तत्काल भुगतान कराया जाए। एवं जिन किसानों की मूंग तुलाई पश्चात् कुछ किसानों के बिल नहीं बन पाए हैं उनके तुरंत बिल बनाये जाएं। जिससे किसानों का भुगतान हो



सके । किसानों ने ज्ञापन में विद्युत व्यवस्था को लेकर कहा कि बिजली व्यवस्था से किसान परेशान हैं। शासन किसानों ने ज्ञापन में विद्युत व्यवस्था को लेकर कहा कि बिजली व्यवस्था से किसान परेशान हैं। शासन के नियमानुसार किसानों को निर्बाध रुप से विजली ठ्ठ2ह्य. की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। बरेली के अंतर्गत आने वाली डीबीजन में सभी सब स्टेशनों पर कृषि फीटरों का मेंटीनेस एवं पेड़ों की डालिया की कटाई की जाए, जिससे किसानों को पर्याप्त विद्युत सप्लाई मिल सके। ओवर लोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जाए एवं अतिरिक्त ट्रासफार्मर आवश्यकता अनुसार रखे जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि आर डी जी एस अंतर्गत डोमेस्टिक फीडरों पर जो पीटीआर रखे गए हैं उन्हे तुरंत चालू किए जाएं। किसानों ने ज्ञापन में कहा कि सोलर पंप योजना शासन द्वारा चलाई जा रही है। सोलर पंप योजना का आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है। पोर्टल सुधार कर आवेदन स्वीकार कराये जाएं। ज्ञापन में कहा गया है कि सभी समस्याओं का गंभीरता से समाधान किया जाए।

## संवरिया सेठ के दरबार में भजन संध्या में खुलेआम परोसी गई फूहड़ता, कलाकार माइक पर देने लगी गन्दी गालियां, वीडियो हुआ वायरल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ जिले के बागुण्ड स्थिति प्राकट्य स्थल सांवरिया सेठ मन्दिर में 3 सितम्बर रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम व भजन संध्या के नाम पर फूहड़ नृत्य किया गया, जिसको रोकने पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष भादसोड़ा निवासी प्यार चन्द्र सेन के साथ भी गाली गलौच करते हुए मारपीट की गई, इस कार्यक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, वीडियो देखने वाले लोग तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं, यह मामला यही नही रुका ओर वहाँ हो रहे गलत का विरोध करने पर सांवरिया सेठ के उन भक्त प्यारचंद सेन को महिला नृत्यांगना द्वारा माइक पर ही गंदी गालियां दी गई ओर स्टेज पर ही उस महिला और अन्य द्वारा उनके साथ मारपीट की गई, जिस समय बड़ी संख्या में दर्शक और प्रसासन एवं मन्दिर कमेटी मौजूद थी, लेकिन मन्दिर कमेटी ओर प्रसासन मुखदर्शक बने रहे। प्यार चन्द्र सेन ने बताया कि गत वर्ष भी इस तरह का कार्यक्रम कमेटी द्वारा आयोजित किया गया जो सांवरिया सेठ जैसे प्रसिद्ध दरबार मे कतई शोभा नही देता हमने



विरोध करके गत वर्ष भी रुकवाया ओर आगे से ऐसा नही करने के लिए भी निवेदन कमेटी से किया, लेकिन मन्दिर कमेटी ऐसे अशोभनीय कार्यक्रम करवाकर प्रसिद्ध मंदिर की गरिमा को तार तार कर रही है, जो कतई बर्दास्त योग्य नही है। सेन ने बताया कि हम मन्दिर कमेटी से पिछले 20 साल से यहाँ गोशाला निर्माण का प्रस्ताव लेने का आग्रह कर रहे जिस पर तो कभी कोई ध्यान नही दिया गया ना ये लोग प्रस्ताव लेते लेकिन ऐसे फालतू के कार्यक्रमो में पैसे उड़ाए जा रहे है, वही उन्होंने कहा कि कमेटी अध्यक्ष सहित कुछ अन्य लोगो की तानाशाही की वहज से यहाँ पर यात्री परेशान रहते है, उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नही करवाई जा रही है। साथ ही बताया कि कमेटी के अध्यक्ष उदयपुर रहते है तो ये ना तो समय पर आकर मन्दिर सम्भालते ना मीटिंग लेते जिससे यहाँ अव्यवस्था ओर अधिक बढ़ती जा रही है। इधर वायरल वीडियो में महिला कलाकार ओर उनका साथी कार्यक्रम रुकवाने से नाराज होकर गन्दी गन्दी गालियां निकालते नजर आ रहे है, हालांकि हम वायरल वीडियो की पुष्टि तो नही करते लेकिन फिर भी ऐसे कार्यक्रम हमे धार्मिक भावनाओं से हटकर गलत राह पर लेजा रहे इस बात से इंकार नही किया जा सकता।

**अब कमेटी की हो रही किरकिरी** इधर जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर व न्यूज़ चेनलो पर वायरल होने लगा तो लोग अलग अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे है, जहा ज्यादातर लोग इसे कमेटी की सबसे बड़ी गलती बता रहे है, वही कुछ लोग ऐसे अभद्रता करने पर महिला कलाकार ओर इनकी टीम पर कानूनी कार्यवाही की बात कर रहे तो वही अधिकांश लोग ऐसे गलत कार्यक्रम को रुकवाने पर प्यार चन्द सेन का समर्थन करते नजर आए, इससे कही ना कही सांवरिया जी प्राकट्य स्थल मन्दिर कमेटी की किरकिरी तो हुई ही है साथ ही साथ सांवरिया सेठ के भक्तो की भावनाओ को भी गहरी ठेस पहुंची है।

# हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बना ईद मिलादुन्नबी का त्योहार

### मरीजों को बांटे गए फल व बिस्कुट, भाईचारे का दिया संदेश

### मूंदी बना सौहार्द की मिसाल

**मुंदी शाहरुख मंसुरी** नगर मूंदी में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईद मिलादुन्नबी का पर्व हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी सौहार्द की मिसाल बन गया। मुस्लिम समाजजन के साथ-साथ हिन्दू समाजजन भी मिलकर शासकीय अस्पताल पहुँचे और वहाँ भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्कुट वितरित किए। यह दृश्य नगर में भाईचारे और मानवता का अनुपम उदाहरण रहा। त्योहार के अवसर पर



मरीजों के बीच फल और बिस्कुट एवं नवजात शिशु को बेबी किट बाँटकर सभी ने सेवा और दया का संदेश दिया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम पाल सिंह, यूनुस बेग, नगर परिषद मूंदी के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल,गौरव राठोर, लख्मीचंद बाराड़ सहित समाज के गणमान्य नागरिकों ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब पूरी मानवता के लिए रहमत बनकर आए थे। उन्होंने सच्चाई, करुणा, मोहब्बत, भाईचारा और शांति का संदेश देकर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। हिन्दू और मुस्लिम समाज के लोगों की संयुक्त भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि आपसी सहयोग और प्रेम ही सच्चा धर्म है। कार्यक्रम के अंत में पार्षद नसीम आरा ने सभी को ईद मिलादुन्नबी की बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

# एक सनातनी ही है जो माटी को भी मां पुकारता है- दादा गुरु महाराज

**सब समस्या का हल**

### सत्संग, वृक्ष और गौ माता की सेवा ही सनातन धर्म की सच्ची साधना : दादा गुरु महाराज

दमोह। अखंड निराहार समर्थ सद्गुरु सिद्ध महायोगी दादा गुरु महाराज शुक्रवार को दमोह प्रवास पर पहुँचे। नोहलेश्वर मंदिर नोहटा, बांदकपुर होते हुए वे जटाशंकर बेलाताल पहुँचे। यहाँ भक्तों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन की हर समस्या का समाधान सत्संग में है। यदि कोई सत्संग का हिस्सा बन जाए तो उसका जीवन निश्चित रूप से बदल सकता है। दादा गुरु महाराज ने कहा—एक सनातनी वह है जो माटी को भी मां कहकर पुकारता है। वृक्ष देवताओं की आत्मा हैं, वृक्ष हैं तो जीवन है और यदि वृक्ष नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व भी नहीं बचेगा। गौ माता संस्कृति की धड़कन हैं और सनातन धर्म का दर्शन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी सृष्टि में विद्यमान है। उन्होंने विशेष रूप से वृक्षों की रक्षा, गौ माता की सेवा और पर्वतों के सम्मान को सनातन धर्म की सच्ची साधना बताते हुए श्रद्धालुओं का आह्वान किया। इसी क्रम में ग्रामवासियों, भक्तों एवं मंदिर कर्मचारियों की सहभागिता से 108 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया।



**श्री जागेश्वर धाम में गोबर गणेश उत्सव एवं वृक्षारोपण** अपने प्रवास के दौरान दादा गुरु महाराज का शुभ आगमन श्री जागेश्वर धाम में भी हुआ। यहाँ मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित गोबर गणेश उत्सव में वे सम्मिलित हुए। दादा गुरु ने श्री जागेश्वरनाथ जी का पूजन कर नित्यानंद सरकार एवं केवलारी स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धा निवेदित की। तत्पश्चात धेनुवन गोवर्धन पर्वत पर पहुँचकर श्री गोबर गणेश का पूजन किया और मंदिर प्रबंधन समिति के साथ सामूहिक वृक्षारोपण में भाग लिया। संस्कृत वेदांग विद्यालय के प्राचार्य कुंजीलाल डिम्हा एवं विद्यार्थियों द्वारा विधिवत वृक्ष पूजन व भूमि पूजन कर बरगद व पीपल के वृक्ष लगाए गए। दादा गुरु ने पर्वत पर उपस्थित गौ माताओं का पूजन कर उन्हें आहार खिलाया और सभी से वृक्ष संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों, भक्तों एवं मंदिर कर्मचारियों की सहभागिता से 108 पौधों का रोपण किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, आस्था और हरियाली का अनोखा संगम दिखाई दिया।

**बेलाताल साईं मंदिर में दर्शन व प्रवचन , जटाशंकर धाम में आरती एवं एक पेड़ मां के नाम** बाद में दादा गुरु महाराज का आगमन बेलाताल स्थित श्री शिव साईं मंदिर में हुआ। यहाँ उन्होंने भक्तों को आशीष प्रवचन देते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने का संकल्प है। उन्होंने दमोह वासियों से बेलाताल सरोवर को स्वच्छ रखने की अपील की और कहा—सरोवर हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है। दादा गुरु जी महाराज जटाशंकर धाम पहुंचे जहां भक्तों ने डमरू की उद्घोष के साथ उनका भव्य स्वागत किया जटाशंकर धाम में दादा गुरु जी महाराज ने भगवान भोलेनाथ की आरती की एवं एक पेड़ मां के नाम लगाया कुछ देर जटाशंकर धाम में बट वृक्ष के नीचे भी विश्राम किया एवं अपने आगे के कार्यक्रमों के लिए प्रस्थान किया इस अवसर पर मंदिर पुजारी कमलेश्वरानंद जी महाराज, डॉक्टर आलोक गोस्वामी, पंडित कपिल दुबे, सुरेश रामकुमार सोनी , पंडित मोनू पाठक, शंकर गौतम, पत्रकार महेंद्र दुबे , कृष्णा पटेल , कोतवाली टीआई मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरु जी के दर्शन और आशीर्वाद के लिए भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

# मां ने अपने 4 साल के बेटे को 13वीं मंजिल से नीचे फेंका, फिर खुद भी कूदी, दोनों की मौत

**सुरत** सूरत शहर में एक बेहद दर्दनाक ओर चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने 4 साल के मासूम बेटे को 13वीं मंजिल से नीचे फेंक दिया और फिर खुद भी कूदकर अपनी जान दे दी। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय पूजा पटेल और उसके बेटे कृषिव पटेल के रूप में हुई। यह पूरा मामला सूरत के अल्थान विस्तार के मार्तंड हिल्स अपार्टमेंट का है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद चौंकाने वाली सच्चाई का खुलासा किया है। फुटेज में साफ दिखा कि पूजा अपने बेटे को लेकर सी टॉवर की लिफ्ट से 13 मंजिल पर पहुंची और आत्महत्या की। जबकि, उसका घर ए टॉवर की 6वीं मंजिल पर था।



**पहले बेटे को फेंका, फिर खुद लगाई छलांग** 13 मंजिल पर पहुंचकर पूजा ने पहले अपने मासूम बेटे को नीचे फेंका और फिर खुद भी छलांग लगा दी। दोनों के शव अपार्टमेंट के पास बने गणेश पंडाल के पास गिरे। इस समय सोसाइटी के कई लोग गणेश पूजा में व्यस्त थे। जैसे ही उन्होंने शव देखे तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**घर पर नहीं था पति** इस आत्महत्या मामले की सूचना मिलते ही पूजा का पति विलेश पटेल घटनास्थल पर पहुंचा। उस समय वह घर पर मौजूद नहीं था। पुलिस में मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस फिलहाल पति, पड़ोसियों ओर पूजा के माता-पिता के बयान दर्ज कर रही है, ताकि घटना की असली वजह सामने आ सके।

**पूजा के पास मिला सुसाइड नोट** पुलिस को पूजा के कपड़े से खून से लथपथ एक सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने सुसाइड नोट और पूजा का मोबाइल अपने कब्जे में लिया है, और जांच के लिए एफएसएल में भेजा है। सूरत में हुई यह दिल दहलाने वाली घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। एक मां द्वारा अपने ही बेटे को 13वीं मंजिल से नीचे फेंकना और खुद भी खुदकुशी कर लेना चौंकाने वाली घटना है। पुलिस जांच के बाद ही आत्महत्या करने की असली वजह सामने आएगी।

# तीन वर्षीय धनिष्का ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**धवन माहेश्वरी** इन्दौर- भारत की समृद्ध परंपरा और अद्भुत प्रतिभा का गौरवशाली उदाहरण इंदौर के डॉ. चेतना एवं एडवोकेट तनुज दीक्षित की तीन वर्षीय सुपुत्री धनिष्का ने प्रस्तुत किया है। धनिष्का ने मात्र तीन वर्ष की आयु में दो मिनट से भी कम समय में ग्यारह से अधिक वैदिक मंत्रों का शुद्ध उच्चारण कर पूरी दुनिया को चकित कर दिया। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए बेहद गर्व का विषय है। इस असाधारण प्रतिभा को मान्यता देते हुए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन ने धनिष्का का नाम विश्व रिकॉर्ड हेतु आधिकारिक रूप से शामिल किया है। इस अवसर पर संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री संतोष शुक्ला ने कहा कि धनिष्का की उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ नन्हे बच्चों की असीम क्षमताओं का भी प्रतीक है। उन्होंने यह भी बताया कि शीघ्र ही एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धनिष्का को औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में धनिष्का के दादा विजय दीक्षित भी वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स यूके में अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं। इस प्रकार यह उपलब्धि परिवार की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाती है।



# भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया



**बाग नगर के मंदिरों में श्रीमद् भागवत सप्ताह के आयोजन चल रहे हैं। भागवत कथा में गुरुवार को भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विस्तार पूर्वक कथा सुनाई। नगर के नरसिंह मंदिर में माहेश्वरी समाज द्वारा भागवत कथा बिठाई गई । नगर के श्री रणछोड़ राय मंदिर, श्री राम मंदिर और कथावाचक ज्योतिष आचार्य श्री पंडित दिनेश उपाध्याय ने अपने निवास पर जब कृष्ण जन्म की कथा सुनाई तो भवत झूम उठे। उपाध्याय ने कहा कि जिस समय भगवान का जन्म हुआ तो जेल के ताले टुट गए और सभी पहरेदार अचेत हो गए। वासुदेव व देवकी बंधन मुवत हो गए। यह सब प्रभु की कृपा से ही संभव हो सका। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते हैं कृष्ण जन्म उत्सव पर मां के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर भक्त जमकर झूमे। भागवत कथा में कथा वाचक ने जब, जब होई धर्म की हानि बढहि असुर, अधम ,अभिमानी तब तब धरि ,प्रभु मनुज ,शरीरा, हरिह कृपा नीज ,सज्जन ,पीरा आदि चौपाइयों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया । कथावाचक ने प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने जेल में वासुदेव के यहां अवतार लेकर संतों एवं भक्तों का सम्मान बढ़ाया । उन्होंने अपने अंदर बुराई विद्यमान न रहे इसके लिए संतों का सत्संग का मार्ग बताया । कथा वाचक ने कहा कि जब भवितमार्ग में भक्त लीन रहता है तब प्रभु दर्शन होते हैं जब कंस ने सभी मर्यादा तोड़ दी तो प्रभु कृष्ण का जन्म हुआ । यहां पर जैसे ही कृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा -कृष्ण के उद्घोष के साथ नृत्य करने लगे । भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म , अर्थ ,काम ,मोक्ष की महंता पर प्रकाश डाला ।भजनों पर झूमे श्रद्धालु वासुदेव भगवान कृष्ण को जो कि इस संसार के पालन हारे एक टोकरी में लेकर अंजाम यमुना नदी को पार कर यशोदा मां और नंद के पास छोड़ जाते हैं जिसकी कानों कान खबर कंस को नहीं लग पाती है भगवान कृष्ण के गोकुल में आनंद भाइयों ,जय कन्हैया हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की नंद घर आनंद भये ,बाजे बाजे रे बधाई सहित अनेक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया । कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने माखन मिश्री का भोग लगाकर जमकर उत्सव मनाया।**

# मुंदी थाने को मिली नई डायल112 की सौगात, अब और भी तेज गति से जनता के बीच पहुँचेगी पुलिस

**मुंदी शाहरुख मंसुरी** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डॉयल 112 की नई सेवा का शुभारंभ किया है। इस दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने बोलोरो नियो और स्कॉर्पियो गाड़ियों को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर से 1200 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर मध्य प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया था।

इसी के साथ मुंदी थाने को भी डायल-112 वाहन प्राप्त हुआ थाना प्रभारी राजेन्द्र नरवरिया ने बताया कि आधुनिक, तेज़ एवं तकनीकी रूप से सक्षम डायल-112 वाहन तैनात किए गए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस वाहन डायल-112 वाहन अत्याधुनिक जीपीएस सिस्टम, वॉयरलेस सेट, स्टैचर आदि आपातकालीन उपकरणों से सुसज्जित हैं। इनकी मदद से कॉल प्राप्त होते ही पुलिस टीम और तेज गति से घटना स्थल पर पहुँचेगी तथा राहत और सहायता कार्य समय पर सुनिश्चित कर सकेगी। 112 वाहनों की तैनाती से थाना क्षेत्र में गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को नई गति मिलेगी। संवेदनशील इलाकों में गश्ती दल अब और अधिक सक्रिय रहेंगे। इससे अपराध नियंत्रण में भी प्रभावी मदद मिलेगी और नागरिकों को सुरक्षा का और अधिक भरोसा मिलेगा। साथ ही थाना प्रभारी नरवरिया ने बताया कि डायल-100 वाहनों की तुलना में डायल-112 वाहनों की गति, तकनीकी सुविधाएँ और प्रतिक्रिया क्षमता अधिक है, जिसके कारण अब नागरिकों को आपात स्थिति दुर्घटना, अपराध, विवाद आदि में और कम समय में सहायता प्राप्त होगी।



# पवई में ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया

हुज़ूर की आमद मरहबा के नारे से गूंज उठा पूरा शहर सरकार की आमद को बड़े खुलूस मोहब्बत के साथ मनाया गया

पवई नगर में बड़ी शान- ए - शौकत से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया



एंकर- पन्ना जिले की तहसील पवई में आज ईद-मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर पवई नगर में शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के द्वारा एक भव्य जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। सभी के चेहरे पर खुशी और उल्लास साफ झलक रहा था। जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए थे, जिन पर पुष्प वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। जुलूस की शुरुआत नन्ही पवई मस्जिद से की गई, जिसके बाद यह नगर की मुख्य सड़कों और गलियों से होते हुए विभिन्न मार्गो से गुज़रा। इस दौरान धार्मिक नारों के साथ। बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला, जुलूस के मार्ग में जगह-जगह लंगर और पानी की व्यवस्था की गई थी। उसमें शामिल लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी और मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया । मुस्लिम भाइयों के घर में हर जगह लाइटिंग और रोशनी देखी गई इस मौके पर समुदाय के धर्मगुरुओं ने कहा कि ईद-मिलादुन्नबी केवल उत्सव का अवसर ही नहीं, बल्कि इंसानियत, भाईचारे और अमन-शांति का संदेश लेकर आता है। हमारे प्यारे आका सारी दुनिया के लिए बल्कि पूरी कायनात के लिए रहबर बनकर आए आप जब आए तो सूरज, चांद, सितारों ने और पेड़ पौधों ने सारी कायनात ने सजदे किए जुलूस मुख मार्गो से होता हुआ नन्ही पवई मस्जिद में समापन हुआ

# पवई थाना को मिली 112 डायल सेवा, आपात स्थिति में मिलेगी त्वरित सहायता




पवई न्यूज़ अब पवई तहसील थाना क्षेत्र के नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता मिलेगी। शासन द्वारा जिलेभर में संचालित डायल 112 सेवा का विस्तार करते हुए पवई थाना परिसर में भी इसकी सुविधा शुरू कर दी गई है। थाना परिसर में एक आधुनिक 112 वाहन के साथ प्रशिक्षित पुलिस बल को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपातकालीन कॉल पर निर्धारित समय-सीमा के भीतर घटनास्थल पर पहुंचने के लिए तैयार रहेगा। यह सेवा विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और सड़क दुर्घटनाओं जैसी तत्काल मदद की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डायल 112 पर कॉल करने वाले व्यक्ति की लोकेशन को ट्रैक कर टीम संबंधित स्थान पर भेजी जाएगी। यह सेवा 24×7 उपलब्ध रहेगी और इसकी निगरानी जिला मुख्यालय से की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण और त्वरित न्याय की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया गया है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि डायल 112 सेवा का दुरुपयोग न करें, ताकि ज़रूरतमंदों को समय पर मदद मिल सके।

## धरियावद नगर में निकला हर्षोल्लासपूर्वक जुलूस-ए-मोहम्मदी

### भारत आदिवासी पार्टी ने किया स्वागत



जुबेर अहमद धरियावद 9001885006 धरियावद- इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के पावन मौके पर धरियावद नगर में अकीदत के साथ जूलुस-ए- मोहम्मदी धूमधाम से निकला गया है। इस दौरान सैकड़ों तादात में बुजुर्ग,युवा व बच्चे मुस्लिम समाज के लोग जुलूस में शरीक हु? है। साथ ही अमन, चैन,शांति और भाईचारे का संदेश दिया है। जानकारी के अनुसार बाद नमाज शुक्रवार के रजानगर से जुलूस की शुरुआत की गई। यह जुलूस पुराना बस स्टेशन,सुभाष पार्क,हनुमान चौराहा होता हुआ पुनः पुराना बस स्टेशन,सदर बाजार,रावला चौक,कबूतर खाना,पठानों का मोहल्ला,पशु चिकित्सालय रोड होते हु? हजरत बड़ वाले बाबा की दरगाह पर जाकर समापन हुआ है। इस दौरान भारत आदिवासी पार्टी की ओर से पुराना बस स्टेशन पर जुलूस का स्वागत किया गया है। जुलूस के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने जगह-जगह पानी शरबत,चाय, कॉफी,हलवा,बिस्किट,टॉफी,खीर वितारित कर पुण्य कमाया है। जुलूस के दौरान सरकर की आमद मरहबा सहित नारो से गूंज उठा। डीजे पर कव्वाली के साथ धार्मिक झंडा लिए मुस्लिम समाज के लोग चल रहे हैं। साथ ही जुलूस में सबसे आगे राष्ट्रीय झंडे के साथ कौम के मोतबिर चल रहे थे। जुलूस के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी कमलचन्द मीणा के नेतृत्व में पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर सतर्क दिखाई दिए। अंत में हजरत पीर बादशाह बड़ वाले बाबा के यहां चादर शरीफ पेश कर देश में अमन और चैन के लिए दुआएं मांगी गई। ईद मिलादुन्नबी के पावन पर्व पर धरियावद की मस्जिदो, दरगाह एवं मोहल्लों में रंग बिरंगी रोशनी से सजावट की गई।

## थाना भगवानपुरा में शांति समिती की बैठक हुई सम्मन



खरगोन....मनोज मालविया... भगवानपुरा थाना प्रभारी इलापसिंह मुजाल्दे द्वारा थाना परिसर भगवानपुरा मे गणपति विसर्जन व अन्य त्यौहारो को लेकर शांति समिति के सदस्य, पत्रकार बंधु व ग्राम भग्यापुर,भगवानपुरा एवं ग्राम धुलकोट के सर्व समाज के लोगों के साथ शांति समिती की बैठक ली गई बैठक में यह कहा गया कि विसर्जन में जो भी डीजे हो उन्हें सीमित आवाज में चलाए जाए , व किसी प्रकार की हुडदंग बर्दाशत नहीं की जाएगी यह त्यौहार हिंदू संस्कृति का विशेष पर्व हे इसलिए सभी शाति पुर्वक जुलूस निकाले व बिना किसी भेद भाव से ये त्यौहार मनाये जाये है,बैठक में बजरंग वर्मा , रोहित मालविया, गोलू वर्मा,महेश बीड़ारे,दिनेश सोनी,दिनेश बीड़ारे, अमन वर्मा ,नितिन मालविया ,कान्हा जायसवाल,सभी पुलिस कर्मी सही ग्रामीण जन उपस्थिति रहे।।

# गढबौर श्री चारभुजाजी की नगरी में नारायण सोमानी एवं समदानी परिवारजनो ने जगतगुरू श्री श्री 1008 श्री रामदयालजी महाराज का सम्मान करके लिया आशीर्वाद

जावद । मेवाड का सुप्रसिद्ध तिर्थ धाम गढबौर स्थित श्री चारभुजानाथ नगरी में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री श्री 1008 स्वामी श्री रामदयाल ने शाहपुरा का भक्ति सौरभ चातुर्मास 2025 का चातुर्मास शुभ स्थल माहेश्वरी सेवा सदन में दिनांक 1 सितम्बर 2025 सोमवार को नीमच कृषी उपज मंडी निवासी राधेश्यामजी समदानी, गोपाल समदानी, ललीत समदानी, महेश समदानी, वशिष्ठ समदानी, गितेश समदानी, विभव समदानी, जानकुंवर समदानी, सम्पत समदानी, वंदना समदानी, डॉक्टर नेहा समदानी एवं नीमच, सिंहपुर समदानी परिवारजनो द्वारा स्वामी श्री श्री 1008 श्री रामदयालजी महाराज से आशीर्वाद एवं गादी पूजन, महाआरती, महाप्रसादी (राम रसोई) साथ ही स्वामीजी से आशीर्वाद लिया। जिला प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष एवं हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी, जावद माहेश्वरी समाज के रामानुज सोमानी, विजय बंटी सोमानी, मंगलम सोमानी, वंश सोमानी, किरण सोमानी, रमा सोमानी, सारिका सोमानी, सपना सोमानी, पाखी सोमानी, सहित परिवारजनो ने स्वामी श्री रामदयालजी महाराज का सम्मान करके जावद शानु मिष्ठान की मिठाई एवं नमकिन भेट करके जावद आने का न्यौता देकर आशीर्वाद लिया। चारभुजा मार्ग पर वर्षो से पैदल आने वाले पैदल यात्रियों के लिए सिंहपुर, नीमच समदानी परिवारजनो द्वारा आयोजित स्ट्राल पर जिला प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष नारायण सोमानी ने नीमच माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ गोपाल समदानी, महेश समदानी, डॉक्टर नेहा समदानी, विभव समदानी परिवारजनो का आभार माना।





# गांव की शांत तलैया में खौफ का साया... जहां तैरता दिखा मौत का पहरेदार



**(विनोद सांवला हरवार)** हरवार। जीरन तहसील अंतर्गत गांव हरवार से है, जहां नजदीकी छोटी तलैया में मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में डर और दहशत का माहौल है। गांव की रक्षा समिति के सदस्य संदीप जाट ने बताया कि वे एक अंतिम संस्कार यात्रा से लौट रहे थे। तभी उनकी निगाह छोटी तलैया पर पड़ी, जहां बीच में ऊंचे स्थान पर बड़ा सा जानवर दिखाई दिया। संदीप और उनके साथी पुष्कर सेन ने गौर से देखा तो वह मगरमच्छ जैसा लगा। उन्होंने बिना देर किए अपने मोबाइल से उसकी तस्वीर और एक छोटा वीडियो बना लिया। ग्रामीणों की माने तो सुबह के समय भी इसी मगरमच्छ को तलैया में देखा गया था। तलैया से मात्र 50 फीट की दूरी पर ही बस्ती बसी हुई है, जिससे ग्रामीणों में भय का वातावरण है। तलैया की लहरों में छुपा है खौफ का राज़, गांव के लोगों के दिल में अब है सिर्फ़ अंदाज़। गांव के लोग चिंतित हैं क्योंकि कई ग्रामीण इस तलैया के आसपास शौच के लिए जाते हैं।साथ ही, तलैया की पाल के पास स्कूल जाने वाले बच्चे भी प्रतिदिन गुजरते हैं। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत इस ओर ध्यान दिया जाए और मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला जाए। ताकि ग्रामीण को भय से मुक्ति मिले

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1।0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - ।9।4826006, 8643056464, 9।।5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)